अमर उजाला 20/10/2022

# पेपर रीडिंग में सिमरजीत और भारती रहीं प्रथम

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग ने बुधवार को पेपर रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. एसके पांडे व डॉ. नियति ने बताया कि प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें सिमरजीत कौर और भारती ने प्रथम, हरशीत, रिद्धि द्वितीय और शिवानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में डॉ. अमित कुमार और डॉ. नेहा अग्रवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने विद्यार्थियों को सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। संवाद